Series : SMA/1

कोड नं.
Code No. **66/1/2**

रोल नं.
Roll No. 

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 30 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i) 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** से **एक वाक्य** तक हों ।*
*(ii) 3 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर 50 – 75 शब्दों के हों ।*
*(iii) 4 – 5 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों के हों ।*
*(iv) 6 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों के हों ।*
*(v) **एक** प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए ।*

**General Instructions :**

*(i) Answers to questions carrying **1** mark may be from **one word** to **one sentence.***
*(ii) Answers to questions carrying **3** marks may be from **50 – 75** words.*
*(iii) Answers to questions carrying **4 – 5** marks may be about **150** words.*
*(iv) Answers to questions carrying **6** marks may be about **200** words.*
*(v) Attempt all parts of a question together.*

1. प्रबन्ध के किस स्तर पर प्रबन्धक संगठन के कल्याण एवं उसे जीवित रखने के लिए उत्तरदायी होते हैं ? 1

At which level of management the managers are responsible for the welfare and survival of the organisation ?

2. प्रबंध की उस प्रकृति को पहचानिए जब यह कहा जाए कि प्रबंध एक क्रमबद्ध ज्ञान-समूह है जो कुछ सामान्य सत्यों को स्पष्ट करता है । 1

Identify the nature of management when it is said to be a systematised body of knowledge that explains certain general truths.

3. 'व्यावसायिक संगठन' किस प्रकार उपभोक्ता संरक्षण के साधन की भूमिका निभाते हैं ? उल्लेख कीजिए । 1

How 'Business Associations' act as a means of consumer protection ? State.

4. एक उपभोक्ता को उपलब्ध किसी एक राहत के बारे में बताइए जिसने समाप्त हुई तिथि वाली दवाई का सेवन करके क्षति उठाई है । 1

Give any one relief available to a consumer who suffers due to consumption of an expired date medicine.

5. योजना के उस प्रकार का नाम बताइए जो समयबद्ध है और मापनीय परिणामों से सम्बन्धित है । 1

Name the type of plan which is time bound and linked with measurable outcome.

6. 'नियोजन संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए किया जाता है ।' क्या आप इससे सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में एक कारण दीजिए । 1

'Planning is done for achieving the organizational goals. ' Do you agree ? Give one reason in support of your answer.

7. 'नियुक्तिकरण' की प्रक्रिया के एक सोपान के रूप में 'मानव शक्ति आवश्यकताओं का आकलन' से क्या अभिप्राय है ? 1

What is meant by 'Estimating man-power requirements' as a step in the process of 'Staffing' ?

8. भारतीय प्रतिभूति एवं अधिनियम बोर्ड (सेबी) के किसी एक 'सुरक्षात्मक कार्य' का उल्लेख कीजिए । 1

State any one 'Protective Function' of Securities and Exchange Board of India (SEBI).

9. स्टॉक एक्सचेंज के किसी एक कार्य का उल्लेख कीजिए । **1**

State any one function of Stock-Exchange.

10. 'अनौपचारिक सम्प्रेषण' से क्या अभिप्राय है ? **1**

What is meant by 'Informal Communication' ?

11. एक अच्छे नेता के किन्हीं तीन गुणों का वर्णन कीजिए । **3**

Explain any three qualities of a good leader.

12. निशा स्कूल बैग बनाने का कार्य करती है । उसने लाभ को अधिकतम करने के लिए उत्पाद सुधार का निर्णय लिया और बैग के विद्यमान डिज़ाइन में एक पानी की बोतल रखने के लिए होल्डर भी जोड़ दिया । **3**

(i) विपणन प्रबन्ध के उस दर्शन को पहचानिए जिसे निशा ने अपनाया तथा

(ii) निम्न आधार बिन्दुओं पर इस दर्शन को समझाइए :

(अ) मुख्य केन्द्र बिन्दु तथा

(ब) साधन एवं उद्देश्य

Nisha a school bag manufacturer decided to improve the product for profit maximization and thus added a waterbottle holder to the existing design.

(i) Identify the marketing management philosophy adopted by Nisha and

(ii) Explain this philosophy on the basis of :

(a) Main focus and (b) Means and ends

13. समझाइए प्रबन्ध के सिद्धान्त किस प्रकार : **3**

(i) वास्तविकता का उपयोगी सूक्ष्मज्ञान प्रदान करते हैं तथा

(ii) विचारणीय निर्णयन में सहायता करते हैं ।

Explain how Principles of Management :

(i) provide useful insight into reality and

(ii) help in thoughtful decision making.

14. 'प्रशिक्षण' एवं 'विकास' को परिभाषित कीजिए । **3**

Define 'Training' and 'Development'.

15. 'वित्तीय-नियोजन' से क्या अभिप्राय है ? वित्तीय नियोजन के महत्त्व के किन्हीं **दो** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । 3

What is meant by 'Financial Planning' ? State any **two** points of importance of Financial Planning.

16. उपभोक्ताओं के निम्नलिखित अधिकारों को समझाइए : 4

(अ) सुरक्षा का अधिकार तथा

(ब) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार ।

Explain the following 'Rights of Consumers' :

(a) Right to Safety and

(b) Right to Consumer Education

17. वित्तीय निर्णय को प्रभावित करने वाले कारकों के रूप में निम्नलिखित को समझाइए : 4

(i) लागत ;

(ii) व्यवसाय की रोकड़ प्रवाह स्थिति ;

(iii) स्थाई संचालन लागत का स्तर तथा

(iv) नियन्त्रण प्रतिफल ।

Explain the following as factors affecting financing decision :

(i) Cost ;

(ii) Cash flow position of business ;

(iii) Level of fixed operating cost and

(iv) Control considerations.

18. वैज्ञानिक प्रबन्ध की उस तकनीक को समझाइए जो 'कार्य विभाजन एवं विशिष्टीकरण' के सिद्धान्त का विस्तार है । 4

Explain the technique of scientific management that is the extension of 'Principle of Division of Work and Specialisation'.

19. मनु, एक कम्पनी का मुख्य प्रबन्धक है जहाँ अत्यधिक परिष्कृत मशीनों एवं संयन्त्रों का प्रयोग किया जाता है, चाहता है कि प्रत्येक कर्मचारी को मशीनों एवं संयंत्रों का प्रयोग करने से पूर्व पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जाए । 4

सुझाव दीजिए कि कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए मनु कौन सी सर्वश्रेष्ठ विधि का प्रयोग कर सकता है ? इस विधि का वर्णन कीजिए ।

Manu, a Chief Manager in a company using highly sophisticated machines and equipments, wants that every employee should be fully trained before using the machines and equipments.

Suggest and describe the best method of training that Manu can use for training of the employees.

20. संगठन प्रक्रिया के चरणों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 4

Describe briefly the steps in the process of organising.

21. नीलाभ परिवहन-व्यवसाय में संलग्न है और विभिन्न राज्यों को फल एवं सब्जियाँ भेजता है । अपने उत्तर के समर्थन में कारण देते हुए नीलाभ की कार्यशील पूँजी की आवश्यकताओं को पहचानिए । नीलाभ अपने परिवहन व्यवसाय का विकास एवं विविधीकरण भी करना चाहता है । ऐसे दो कारकों को समझाइए जो उसकी स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करेंगें । 5

Neelabh is engaged in 'Transport Business' and transports fruits and vegetables to different states. Stating the reason in support of your answer, identify the working capital requirements of Neelabh. Neelabh also wants to expand and diversify his transport business, explain any two factors that will affect his fixed capital requirements.

22. प्रबन्ध का अर्थ बताइए और समझाइए कि प्रबंध किस प्रकार 'गतिशील संगठन का निर्माण करता है' तथा 'समाज के विकास में सहायक होता है' । 5

Give the meaning of Management and explain how it 'creates a dynamic organisation' and 'helps in the development of society'.

23. 'व्यावसायिक पर्यावरण' की किन्हीं **पाँच** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 5

State any **five** features of 'Business Environment'.

24. नियोजन के किन्हीं **तीन** लाभों तथा किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । 5

State any **three** advantages and any **two** limitations of 'Planning'.

25. विपणन के कार्यों के रूप में 'बाज़ार नियोजन' एवं 'उत्पाद का रूपांकन एवं विकास' का वर्णन कीजिए । 5

Explain 'Market Planning' and 'Product Designing and Development' as functions of Marketing.

26. वित्तीय-बाज़ार के किन्हीं **चार** कार्यों का वर्णन कीजिए । 6

**अथवा**

स्टॉक एक्सचेंज के किन्हीं **चार** कार्यों का वर्णन कीजिए ।

Explain any **four** functions of 'Financial-Market'.

**OR**

Explain any **four** functions of 'Stock Exchange'.

27. 'नियोजन' तथा 'नियन्त्रण' के मध्य संबन्ध का वर्णन कीजिए । 6

**अथवा**

नियन्त्रण के महत्त्व को संक्षेप में समझाइए ।

Describe the relationship between 'Planning' and 'Controlling'.

**OR**

Briefly explain the importance of Controlling.

28. उपभोक्ता उत्पादों का वर्गीकरण विभिन्न आधारों पर किया जाता है । 'क्रय के प्रयत्नों की सीमा' इनमें से एक है । इस श्रेणी के किन्हीं **तीन** प्रकार के उत्पादों का वर्णन कीजिए । 6

**अथवा**

वितरण के माध्यमों का चुनाव बहुत से कारकों पर निर्भर करता है । ऐसे किन्हीं **चार** कारकों का वर्णन कीजिए जो वितरण के माध्यमों के चुनाव को प्रभावित करते हैं ।

Consumer products are classified on different basis. 'Shopping Efforts Involved' is one of them. Explain any **three** types of products in this category.

**OR**

Choice of channels of distribution depends on various factors. Explain any **four** factors which affect the choice of channels of distribution.

29. 'निर्देशन' के एक तत्त्व के रूप में 'पर्यवेक्षण' का अर्थ बताइए तथा इसकी भूमिका को स्पष्ट करने वाले किन्हीं **चार** बिन्दुओं को समझाइए । 6

**अथवा**

अभिप्रेरण का क्या अर्थ है ? मास्लो के आवश्यकता क्रम अभिप्रेरणा सिद्धान्त को समझाइए ।

Give the meaning of 'Supervision' as an element of 'Directing' and any **four** points that explain its role.

**OR**

What is meant by 'Motivation' ? Explain Maslow's need hierarchy theory of motivation.

30. 'अनौपचारिक संगठन' का क्या अर्थ है ? अनौपचारिक संगठन की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 6

**अथवा**

'विकेन्द्रीयकरण' का क्या अर्थ है ? विकेन्द्रीकरण के महत्त्व के किन्हीं **चार** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए ।

What is meant by 'Informal Organisation' ? State the features of Informal organisation.

**OR**

What is meant by 'Decentralisation' ? State any **four** points of importance of decentralisation.